हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 12 सितंबर 2025


तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


12 इंद्रजीत ने मंत्री नेताम को विभिन्न कार्यों का सौंपा...





13 विद्यार्थियों ने निभाई संसदीय जिम्मेदारियां, लोकतांत्रिक...







**आवश्यकता है**

कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये

- सेल्समेन-सेल्सगर्ल
- कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
- लेडिस स्टॉफ

आकर्षक वेतन दिया जाएगा

**काका होजियरी**

गंज रोड, नवापारा (राजिम)

फोन : 9893744470


## खबर संक्षेप



### नवरात्रि 22 सितंबर से, क्षेत्र के देवी मंदिरों में तैयारियां शुरू

**रसेला।** हर वर्ष पितृ पक्ष के समापन के अगले दिन से शारदीय नवरात्रि पर्व की शुरुआत हो जाती है। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर से शुरू हो रहें हैं, इस बार नवरात्र तिथि में एक तिथि बढ रही है। इस साल श्राद्ध पक्ष में एक तिथि का क्षय और नवरात्र में एक तिथि में वृद्धि हो रही है, इसलिए इस साल 9 दिन के नहीं 10 दिन के नवरात्र होंगे। ज्योतिष गोलू शर्मा के अनुसार इस बार शारदीय नवरात्रि में चतुर्थी तिथि की वृद्धि हो रही है। नवरात्र में तिथि की वृद्धि अति शुभ फल दायक मानी जाती है। माता के 9 अलग-अलग स्वरूपो की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जाती है वैदिक पंचांग के अनुसार एक वर्ष में कुल चार नवरात्रि पड़ते हैं जिसमें दो गुप्त नवरात्रि ▶▶|शेष पेज 13 पर

**खेती-किसानी :** पितईबंद, रांवड़, बकली, चौबेबांधा, सिंधौरी, बरोंडा में हरुना किस्म की बालियां लहलहाने लगी

# धान की बालियां निकलीं, किसानों के चेहरे पर खुशी की लहर, अच्छी पैदावार की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

धान की उन्नतशील खेती के लिए पूरे प्रदेश में मशहुर राजिम क्षेत्र में धान की बालियां निकल आई है। ये बालियां विशेष कर पितईबंद, रांवड़, बकली, चौबेबांधा, सिंधौरी, बरोंडा, हथखोज, परसदा जोशी जैसे अनेकों गांव के खेतों में धान की हरुना किस्म की बालियां लहलहाने लगी है। अभी पितृ पक्ष चल रहा है उसके बाद नवरात्रि होगी। नवरात्रि के दौरान ही कुछ गांव के खेतों में दशहरा पर्व के आसपास कटाई शुरू हो जाएगी। बता दें कि राजिम क्षेत्र के शत प्रतिशत लोग धान की नई बालियों की पूजा कर दशहरा में नवा खाते हैं। दशहरा के बाद लगातार जो कटाई शुरू होता है यह सिलसिला दीवाली और दीवाली के बाद तक चलता है। धान की बालियां देखकर किसानों के चेहरों पर खुशी दिखाई दे रही है। क्षेत्र के किसान हरुना 1010, सिल्खी, मंजू और गोल्ड साठिया, जैसी जल्दी पकने वाली किस्मों की खेती करते हैं। किसानों को उम्मीद है कि मौसम अनुकूल रहा तो इस साल भी अच्छा उत्पादन होगा। फिलहाल खेतों में फसल के हिसाब से पर्याप्त पानी है जिससे फसल की बढ़ोतरी अच्छी है। हालांकि कई किसानों ने धान की फसल में पत्ता मोड़, ब्लाईट, तनाच्छेदक और ब्लास्ट जैसी बीमारियों की शिकायत की है। इन रोगों से फसल को बचाने के लिए किसान कृषि अधिकारियों से सलाह ले रहे हैं। अपनी फसलों पर दवाओ का छिड़काव कर रहे हैं। बालियो के पूरी तरह पकने में अभी कुछ समय है इसलिए किसान फसलों को सुरक्षित रखने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। मालूम हो कि क्षेत्र में फिलहाल कहीं-कहीं निंदाई का काम भी चल रहा है। किसानों ने बताया कि खेती के लिए परिस्थितियां अनुकूल है लेकिन मजदूरों की कमी एक बड़ी समस्या बनी हुई है। इस वजह से कई किसान अभी भी खेतों में निंदाई का काम करते दिख रहे हैं। किसान ओमप्रकाश साहू, हीराधर साहू, प्रवीण सेन, संजय साहू, चंद्रिका साहू, त्रिलोचन साहू, द्वारिका साहू, सियाराम साहू, हरिश्चंद्र साहू, कुमार साहू, पुरुषोत्तम साहू ने बताया कि पिछले साल की तरह इस बार भी हरुना किस्मों में बालियां समय पर निकल चुकी है इससे क्षेत्र में प्रसन्नता की लहर है।



### अन्य वर्षों की तुलना में कीट प्रकोप कम

ग्राम छांटा के उन्नत किसान लोकेश्वर साहू ने बताया कि खेतों में पर्याप्त पानी भरा हुआ है। गंगरेल डेम का पानी भी नहरों से बह रहा है। किंतु नहर के पानी की आवश्यकता अब तक नहीं पड़ी है। अन्य वर्षों की तुलना में कीट का प्रभाव कम है। उमस एवं गर्मी के कारण कुछ-कुछ खेतों के फसलों में भूरा माहों का प्रकोप जरूर है। किंतु ठंड की दस्तक से भूरा माहों का प्रकोप भी समाप्त हो जाएगा। किसान निंदाई एवं खरपतवार की सफाई में व्यस्त है। मजदूरों को कमी के कारण आंशिक रूप से खेती किसानी के कामों में देरी हो रही है।

### खेतों में भरा है पर्याप्त पानी

बहरहाल क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश से किसान खुश है। रोज हो रही रुक-रुककर बारिश फसलों के लिए अमृत का काम कर रही है। खेतों में पर्याप्त पानी भरा हुआ है। माह जुलाई से हो रही लगातार बारिश से अब तक किसानों को पानी की कमी नहीं हुई है। दिन एवं रात को किसी भी समय हो रही बारिश से फसलों में कीट का प्रकोप कम है। बारिश के पानी से फसलों पर लगने वाली इल्लियो के अंडे बह जाते है। फसलों में रानी कीड़ा नामक कीट का प्रकोप भी इस वर्ष देखने को नहीं मिल रहा है। सरना एवं 1001 किस्म के फसलों में नवरात्रि के बाद बालियां आने की उम्मीद जताई जा रही है। अन्य वर्षों की तुलना में इस वर्ष खरपतवार अधिक है। खरपतवार हटाने के लिए मजदूरों की कमी महसूस की जा रही है।

## खुले में मांस न काटने पर सहमति नवरात्रि में बंद रहेंगी मांस दुकानें



**नवापारा-राजिम।** नगर पालिका नवापारा द्वारा पालिका क्षेत्र में मांस विक्रय करने वाले दुकानदारों की मीटिंग आहूत की गई। मांस विक्रेताओं के समक्ष प्रस्ताव दिया गया कि खुले में मांस बेचने एवं काटने की अनुमति नहीं होगी। खुले में मांस काटने से जनभावना एवं धार्मिक भावना आहत होती है। जिसे सभी मांस व्यवसायियों ने स्वीकार किया। नगर पालिका सीमा क्षेत्र में नवरात्र के नौ दिनों में मांस दुकानें बंद रखने के लिए भी प्रस्ताव किया गया। जिस पर दुकानदारों ने सहमति जताई है। मांस व्यवसायियो ने दुकानों के अंदर मांस रखने की व्यवस्था बनाने के लिए दशहरा तक का समय मांगा है। कई बड़े शहरों के तर्ज पर अब नवापारा नगर में भी मुर्गा बेचने एवं काटने का कार्य खुले में नहीं होगा। पालिका की इस पहल का नगर के लोगों, समाजसेवी संगठन, धार्मिक संगठनों ने स्वागत किया है। नगरपालिका सभागार में आयोजित बैठक में नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी लवकेश पैकरा, पार्षद जीना निषाद, जग्गू यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता धीरज साहू एवं नगर के मांस व्यवसायियों उपस्थित रहे।

## कोपरा के पास सड़क पर दिखा भालू, क्षेत्र में जंगली जानवरों की हलचल से दहशत



**कोपरा।** गुरुवार देर रात को कोपरा के पास सड़क पर अचानक एक भालू दिखाई दिया, जिससे स्थानीय लोगों में डर का माहौल है। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से इस क्षेत्र में जंगली जानवरों की हलचल बढ़ गई है, जिससे लोग काफी दहशत में हैं। हाल ही में, पाण्डुका वन परिक्षेत्र में एक खूंखार बाघ के आने की खबर मिली थी और पहले से ही दो दंतैल हाथी भी इस इलाके में मौजूद थे। अब एक भालू देखे जाने के बाद लोगों में डर और बढ़ गया है। हालांकि, वे दोनों हाथी इस क्षेत्र से निकलकर आगे बढ़ चुके हैं। भालू के देखे जाने के बाद, मुरमुरा गांव के लोग रात में अपने खेतों और खलिहानों की ओर जाने से डर रहे हैं। जंगली जानवरों से लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, पाण्डुका और फिंगेश्वर वन विभाग की टीमें निगरानी कर रही हैं। उनका मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी जंगली जानवर गांव की आबादी वाले इलाकों में प्रवेश न करे।




# अब एक साथ 3 दुकानों में हो सकेगी विदेशी शराब की सप्लाई, नियम तोड़ा तो 5 लाख तक का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के आबकारी विभाग ने विदेशी शराब के परिवहन का तरीका बदला है। अब ब्रेवरेज कार्पोरेशन के गोदाम से निकले एक ट्रक (वाहन) से विदेशी मदिरा दुकान या तीन कंपोजिट शॉप को शराब सप्लाई की जा सकेगी। अब से पहले तक नियम था कि एक वाहन से एक ही दुकान में सप्लाई हो सकती थी। खास बात ये है कि सरकार ने ये भी साफ किया है कि इस नियम को तोड़ने वाले परिवहनकर्ता पर 50 हजार से लेकर पांच लाख रुपयों तक का जुर्माना किया जा सकेगा।

## ये है मामला

राज्य सरकार ने विदेशी शराब की परिवहन व्यवस्था में बदलाव के लिए छत्तीसगढ़ विदेशी मदिरा अधिनियम 1996 में संशोधन किया है। अब यदि एक से अधिक विदेशी मदिरा दुकान या कंपोजिट शॉप एक ही मार्ग (रूट) पर है तो एक से अधिक या तीन दुकानों के लिए मदिरा का परिवहन एक साथ किया जा सकेगा। इसके लिए हर दुकान के लिए अलग-अलग परिवहन परमिट जारी जाएंगे। जिसमें हर दुकान के लिए परिवहन के लिए तय समयावधि भी अंकित की जाएगी।

- आबकारी विभाग ने बदला 29 साल पुराना नियम
- अब तक एक वाहन से एक दुकान में होती थी सप्लाई



फाइल फोटो

## इस तरह होगी सप्लाई

नियम में कहा गया है कि एक से अधिक मदिरा दुकानों में सप्लाई की स्थिति में पहली दुकान के लिए तय समय सीमा में परिवहनकर्ता द्वारा मदिरा की सप्लाई करनी अनिवार्य होगी। पहली दुकान में शराब अनलोड होने के बाद आबकारी विभाग के कर्मी दूसरी दुकान के लिए वाहन को रवाना करेंगे। परमिट में वाहन की रवानगी की तारीख और समय का उल्लेख होगा। परमिट पर हस्ताक्षर और सील भी होगी। इसके बाद यही तरीका दूसरी और और तीसरी दुकान के लिए अपनाया जाएगा।

## लगेगा शुल्क भी

नियम के मुताबित एक से अधिक दुकानों के लिए परिवहन करने पर पहली के अलावा दूसरी तीसरी दुकानों के लिए प्रति दुकान 500 रुपए शुल्क आनलाइन माध्यम से लिया जाएगा। यह शुल्क वापस नहीं होगा। मदिरा का परिवहन न किए जाने पर भी यह राशि किसी अन्य मद में समायोजित नहीं की जाएगी।

## नियम तोड़ा तो 5 लाख तक जुर्माना

एक वाहन से एक से अधिक दुकानों में शराब परिवहन के नियम को तोड़ने पर परिवहनकर्ता पर न्यूनतम 50 हजार से लेकर 5 लाख रुपयों का जुर्माना लगेगा। यही नहीं एक बार नियम तोड़ने और बार-बार यही उल्लंघन करने पर एक हजार से 10 हजार रुपए प्रतिदिन अतिरिक्त शास्ति भी अधिरोपित किए जाने का प्रावधान किया गया है।

## खबर संक्षेप



### उमस से लोग हलाकान, धूप में तेज से गर्मी का अहसास

**नवापारा-राजिम।** इस बार के बेतहाशा उमस से लोग हलाकान है। ऐसा नहीं है कि बारिश नहीं हो रही है। नियमित रूप से विगत आठ दस दिनों से रोज बारिश हो रही है। बावजूद इसके उमस से लोग परेशान है। दिन एवं रात में कभी भी बारिश हो जाती है। बावजूद इसके तापमान में कमी नहीं आई है। लोग अभी भी रात में एसी, कूलर चलाने मजबूर है। दिन के किसी भी समय मौसम में अचानक बदलाव हो जाता है। थोड़ी देर बारिश के बाद फिर से उमस बढ़ जाती है। दिन में बार-बार मौसम बदलने का असर स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। सर्दी, खासी बुखार के मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। विगत दो तीन माह में वायरल बुखार से लोग ग्रसित हो रहे है। बच्चों के सेहत में मौसम का असर ज्यादा हो रहा है। नगर के सभी अस्पतालों में वायरल फीवर के मरीजों की लंबी लाइन है। नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. केआर सिन्हा ने बताया कि बारिश में भीगने, दूषित पानी एवं बार-बार बदलते मौसम का असर लोगों पर हो रहा है। मौसमी बुखार, सर्दी, खासी, गले के इन्फेक्शन के मरीजों की संख्या बढ़ी है। बच्चों में त्वचा रोग, खुजली, एलर्जी की समस्या भी हो रही है। चिकित्सकों ने सलाह दी है कि पानी उबाल कर पिए एवं घर का बना गरम भोजन का खाएं। मौसमी फलों का सेवन करे।

### जीएसटी कटौती आमजन को राहत अर्थव्यवस्था को गति : रिकेश साहू

**राजिम।** मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा की गई जीएसटी दरों में कटौती से आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। दैनिक उपयोग की वस्तुएं अब पहले से



अधिक सस्ती कीमतों पर उपलब्ध होंगी, जिससे आमजन का जीवन स्तर सुधरेगा। कहा कि इस निर्णय से न केवल गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार लाभान्वित होंगे, बल्कि छोटे व्यापारियों को भी बाजार में प्रतिस्पर्धा का बेहतर अवसर मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि अमेरिकी टैरिफ के बाद भी भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से प्रगति करेगी और वैश्विक स्तर पर अपनी स्थिति मजबूत बनाए रखेगी। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का एक जनहितैषी कदम बताते हुए जनता से आह्वान किया कि वे इसका अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

### टिनाशेड और किचन का भूमिपूजन आज

**रसेला।** ग्राम पचायत रसेला के प्रज्ञा पीठ गायत्री एवं शिव मंदिर में 12 सितंबर को टिना शेड और किचन शेड भूमिपूजन का कार्यक्रम सम्पन्न होना है। इस कार्यक्रम का आयोजन 4 बजे अतिथि स्वागत, भूमिपूजन 5 बजे प्रज्ञा पीठ गायत्री एवं शिव मंदिर रसेला में आमंत्रित अतिथियों के द्वारा संपन्न होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक जनक राम ध्रुव, अध्यक्षता सरपंच रूपादेवी ठाकुर, विशेष अतिथि उपसरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम प्रमुख डी आर यादव, ग्राम पटेल लोकराम यादव, पूर्व सरपंच बिग्रेद्र ठाकुर, भावसिह मरकाम, कमलेश्वर नायक, सै डॉ चिराग अली, संतराम नेताम, देवलाल बारिक,नदुदास मानिकपुरी, धनीराम यादव, रामेश्वर सिन्हा, राकेश कोमर्रा सहित गायत्री परिजन के साथ ग्रामवासी उपस्थित रहेंगे।

## आयोजन : श्री कुलेश्वर महादेव महाविद्यालय में प्रदेश की विकास यात्रा पर नुक्कड़ नाटक

# विकास योजनाएं तभी सफल होती हैं जब समाज उनका लाभ ले : लता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय में विविध आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नाटक का केंद्रीय विषय था। छत्तीसगढ़ का 25 वर्षों में विकास, संस्कृति का महत्व एवं विकास की योजनाएं। नुक्कड़ नाटक का उद्देश्य राज्य की प्रगति की यात्रा को जन-जन तक पहुँचाना और युवाओं में जागरूकता के साथ-साथ सांस्कृतिक चेतना का विकास करना रहा। प्रस्तुति में शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, कृषि क्षेत्र की उन्नति, औद्योगिक प्रगति, महिला सशक्तिकरण एवं आधारभूत संरचनाओं के विकास जैसे विषयों को सरल और रोचक शैली में प्रस्तुत किया गया। नाटक में यह संदेश भी दिया गया कि छत्तीसगढ़ की पहचान उसकी संस्कृति, परंपरा, लोकगीत और लोकनृत्य से है। संस्कृति और विकास यदि समानांतर रूप से आगे बढ़ें तभी समग्र प्रगति संभव है। कलाकारों ने अपनी दमदार प्रस्तुति से दर्शकों को प्रभावित किया और सभी को राज्य के गौरवपूर्ण इतिहास एवं सांस्कृतिक समृद्धि पर गर्व करने का अवसर दिया। इस अवसर पर सभापति वर्षा-संतोष मिश्रा, सरपंच लता सिन्हा, पूर्व सरपंच जिनेन्द्र वर्मा, जन भागीदारी सदस्य लखन सिन्हा, जनभागीदारी सदस्य ईश्वर देवांगन तथा पंच पार्वती साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभापति वर्षा-संतोष मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की स्थापना के 25 वर्षों की यह यात्रा गौरवपूर्ण रही है। हमारी संस्कृति ही हमारी आत्मा है, और जब युवा शक्ति इसे मंच पर प्रस्तुत करती है तो समाज को सकारात्मक दिशा मिलती है।



### विकास की यात्रा को याद करने का श्रेष्ठ अवसर

सरपंच लता सिन्हा ने कहा कि विकास योजनाएं तभी सफल होती हैं जब समाज जागरूक होकर उनका लाभ ले। आज के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ की प्रगति को जिस रूप में प्रस्तुत किया है, वह प्रशंसनीय और प्रेरणादायी है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा की छत्तीसगढ़ की रजत जयंती पर यह आयोजन हमारी सांस्कृतिक धरोहर और विकास की यात्रा को याद करने का श्रेष्ठ अवसर है। विद्यार्थी जब सामाजिक सरोकारों को लेकर आगे बढ़ते हैं, तभी राज्य का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित होता है। संचालन एसआर वड्डे एवं आभार प्रदर्शन डॉ. प्रेमेन्द्र उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार, प्राध्यापकगण, एनएसएस स्वयंसेवक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। सभी ने इस आयोजन की सराहना की और इसे ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी बताया।



# इंद्रजीत ने मंत्री नेताम को विभिन्न कार्यों का सौंपा ज्ञापन झरझरा आने का दिया आमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

सोमवार को जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक ने रायपुर में आदिम जाति विकास, कृषि विकास, किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी, मछली पालन और पशुधन विकास मंत्री, रामविचार नेताम से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों और विकास कार्यों पर घंटों चर्चा की। महाडिक ने मंत्री नेताम को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनने वाले सभी आवासों में वर्षा जल संचयन प्रणाली को अनिवार्य रूप से शामिल करने का आग्रह किया। उन्होंने अपने ज्ञापन में बताया कि देशभर में प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों को घर उपलब्ध कराने का एक सराहनीय कदम है। हालांकि, क्षेत्र में गंभीर जल संकट की स्थिति को देखते हुए, हर घर में जल संचयन प्रणाली को शामिल करना बेहद जरूरी है। इससे गिरते जल स्तर को रोकने और भविष्य के लिए पानी बचाने में मदद मिलेगी। महाडिक ने कहा कि यह कदम न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक होगा, बल्कि प्रधानमंत्री की 'पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्ध भारत' की परिकल्पना को भी साकार करेगा। उन्होंने मंत्री से इस विषय पर गंभीरता से विचार करने और उचित दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया।

**मां झरझरा मंदिर में श्रीमद् देवी महापुराण कथा का निमंत्रण-** इसके अलावा, इंद्रजीत महाडिक ने मंत्री रामविचार नेताम को नवरात्र पर्व के दौरान मां झरझरा मंदिर प्रांगण में आयोजित होने वाले भव्य श्रीमद् देवी महापुराण कथा कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया। उन्होंने मंत्री को माता झरझरा के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उन्हें माता की एक छायाचित्र भी भेंट की। इस मुलाकात के दौरान, महाडिक के साथ उनके कार्यकर्ता ढालू राम साहू, अनिल साहू, राजकुमार यादव और सुयश भी मौजूद थे।

# नवा रायपुर जाने वाले नए कर्मियों को नहीं मिलेगी मुफ्त बस की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार में नवीन नियुक्ति वाले कर्मियों को 1 अक्टूबर से मुफ्त बस पास की सुविधा नहीं मिलेगी। सरकार का कहना है कि यह सुविधा इसलिए बंद की जा रही है, क्योंकि अब रायपुर से नवा रायपुर जाने के लिए सार्वजनिक बसें, रेल गाड़ी का संचालन हो रहा है और आवागमन की सुविधा भी सुलभ होने के साथ वहां पूरी तरह विकसित आवासीय व्यवस्था भी है।

### वित्त विभाग ने जारी किया आदेश

नवा रायपुर जाने वाले कर्मियों को मुफ्त बस की सेवा में कटौती का यह आदेश वित्त विभाग ने जारी किया है। आदेश में कहा गया है राज्य शासन ने रायपुर शहर से नवा रायपुर में मंत्रालय तथा विभागाध्यक्ष कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निःशुल्क बस पास की सुविधा उपलब्ध कराई है। नवा रायपुर में रहने वाले कर्मियों को निःशुल्क बस सुविधा या वाहन भत्ता दोनों में से किसी एक का चयन करने की पात्रता थी। नवा रायपुर में आवंटित शासकीय आवास या किराए के मकान में रहने वाले कर्मियों को रायपुर शहर आने-जाने के लिए निःशुल्क बस या वाहन भत्ता में से एक के चयन की पात्रता थी।

**12 साल से चल रही थी मुफ्त बस पास की सुविधा :** नवा रायपुर में मंत्रालय, विभागाध्यक्ष कार्यालयों का संचालन 12 साल से हो रहा है। वर्तमान में रायपुर से नवा रायपुर के लिए सार्वजनिक बसों, रेलगाड़ी का संचालन होने के कारण आवागमन की सुविधा सुलभ होने के साथ-साथ नवा रायपुर में पूर्णतः विकसित आवासीय व्यवस्था भी है। इस स्थिति को देखते हुए राज्य शासन ने निर्णय लिया है कि नवीन नियुक्तियों के प्रकरण में मुफ्त बस पास की सुविधा की पात्रता 1 अक्टूबर से नवीन नियुक्त शासकीय सेवकों को नहीं होगी।

इधर भाजपा कार्यकर्ता ने वीडियो जारी कर कहा- सर्किट हाउस की घटना को किया रीक्रिएट

# बैज के बंगले में घुसा भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- सुरक्षा में चूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के बंगले में देर रात भाजपा कार्यकर्ता के घुसने का मामला सामने आया है। पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन वह जबरन घर के अंदर घुस गया। घटना को लेकर दीपक बैज ने सुरक्षा



व्यवस्था पर सवाल उठाया है। कांग्रेस ने इस मामले को लेकर गंज थाने में शिकायत भी की है। वहीं भाजपा कार्यकर्ता गंधर्व पांडे ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर कहा है कि मैंने जगदलपुर सर्किट हाउस की घटना को रीक्रिएट किया है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, कोई अनजान व्यक्ति उनके घर में पुलिसकर्मियों के मना करने के बाद भी अंदर घुस आया। क्या वह रेकी करने आया था? वह वीडियो बनाकर क्या दिखाना चाहता था। कहीं सुरक्षा व्यवस्था को नेस्तनाबूत करने की साजिश तो नहीं? ताकि कोई भी व्यक्ति घर में घुस जाए और तोड़फोड़ करे? क्या कोई भी हम पर हमला कर सकता है? बैज ने कहा, सरकार इस अनजान पर क्या कार्रवाई करती है, जनता भी देखना चाहती है। सरकार को गंभीरता से इस मामले में विचार करना चाहिए, ताकि कोई भी अनजान व्यक्ति इस तरह घुसने की हिम्मत न करे।

### कांग्रेस ने गंज थाने में की मामले की शिकायत

कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने गंज पुलिस में मामले की शिकायत की है। उन्होंने मामले की जांच करने और अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की अपील की है। वहीं कांग्रेस ने सवाल उठाया है कि जब जेड-प्लस सुरक्षा में रह रहे नेता के घर में कोई अनजान शख्स घुस सकता है, तो आम लोगों की सुरक्षा का क्या होगा? कांग्रेस का आरोप है कि सरकार जानबूझकर पीसीसी अध्यक्ष की सुरक्षा को खतरे में डाल रही है।

### जगदलपुर सर्किट हाउस की घटना को किया रीक्रिएट- पांडे

वहीं भाजपा कार्यकर्ता गंधर्व पांडे ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर जगदलपुर सर्किट हाउस की घटना को रीक्रिएट किया। उन्होंने कहा, मंत्री केदार कश्यप पर जो भी आरोप लगाए गए हैं, वे पूरी तरह से झूठ और भ्रामक हैं। यह कांग्रेस की वही 'टूलकिट' की चालें हैं, जो छत्तीसगढ़ के लोगों को गुमराह करने की कोशिश करती है। जनता अब जाग चुकी है और हर भाजपा कार्यकर्ता इस झूठी नरेटिव के खिलाफ एकजुट होकर लड़ रहा है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की धरती पर किसी भी सच्चाई को दबाया नहीं जा सकता।

# भाजपा करेगा फिंगेश्वर में सेवा पखवाड़ा और कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश और जिला निर्देशों के अनुसार, भाजपा मंडल फिंगेश्वर द्वारा श्री राम मंदिर में 'सेवा पखवाड़ा' को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह 'सेवा पखवाड़ा' 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से शुरू होकर 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी के जन्मदिन तक चलेगा, जिसमें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य आयोग के अध्यक्ष और पूर्व किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संदीप शर्मा उपस्थित थे। उनके साथ वरिष्ठ भाजपा नेता रामू राम साहू, जिला उपाध्यक्ष ईश्वर साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजू लता हरित और मंडल महामंत्री भुवन लाल साहू व प्रेमलाल टोडर भी मौजूद थे। संदीप शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि इस 'सेवा पखवाड़ा' के दौरान पार्टी कई सेवा कार्यों का आयोजन करेगी, जिनमें **स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर और विभिन्न प्रदर्शनियां शामिल हैं। ये सभी कार्यक्रम बूथों और शक्ति केंद्रों में आयोजित होंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से मिलकर इन कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यशाला की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां भारती की पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके बाद भाजपा मंडल के पदाधिकारियों ने नेताओं का तिलक लगाकर स्वागत किया।

# सेवा पखवाड़ा में 21 को 'नमो मैराथन' का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश इकाई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आहूत 'सेवा पखवाड़ा' के तहत आगामी 21 सितंबर को नमो मैराथन का आयोजन करने जा रही है। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने बताया कि देशभर में नमो मैराथन के लिए चयनित 100 शहरों में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर और न्यायधानी बिलासपुर का चयन किया गया है।

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्री टिकरिहा ने पत्रकारों को बताया कि रायपुर में नमो मैराथन सुबह 7 बजे से तेलीबांधा तालाब से जयस्तंभ चौक तक होगी और बिलासपुर में मल्टी परपज हायर सेकेंडरी स्कूल से नेहरू चौक तक होगी। युवा फॉर रन में 10 हजार से अधिक युवा शामिल होंगे। आयोजन के लिए कार्यक्रम संयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र देवांगन, सह संयोजक हरिओम साहू, अनमोल झा, गौरी गुप्ता को बनाया गया है। इसी तरह रायपुर ज़िला में कार्यक्रम प्रभारी अभिषेक धनगर, सह प्रभारी ज़िला अध्यक्ष गोविंद गुप्ता, फ़ानेन्द्र वर्मा, राहुल राव और बिलासपुर प्रभारी राहुल सराफ, सह प्रभारी निखिल केशरवानी, ऋषभ चतुर्वेदी को बनाया गया है। उन्होंने सभी समाजों व वर्ग के लोगों के साथ ही सभी युवाओं से नमो मैराथन में हिस्सा लेने की अपील की है। मैराथन में हिस्सा लेने वाले लोगों को मोर्चा की ओर से टी-शर्ट्स प्रदान किए जाएंगे। पत्रकार वार्ता में भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक जितेंद्र देवांगन ने मोदी मैराथन के पोस्टर व टी-शर्ट की लॉन्चिंग की। श्री देवांगन ने बताया कि इस आयोजन सभी मंत्री, जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

### देश के 100 शहरों में रायपुर और बिलासपुर का चयन : राहुल




## 850 तीर्थ यात्रियों का जत्था अयोध्या रवाना

**रायपुर।** श्री रामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना में रायपुर संभाग से 850 तीर्थयात्रियों का जत्था राजधानी रायपुर रेलवे स्टेशन विशेष ट्रेन से बुधवार को अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। विशेष ट्रेन को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाई। उन्होंने इस मौके पर तीर्थ यात्रियों के जत्थे से मुलाकात कर उन्हें अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी।

# हेलमेट जागरूकता बाइक रैली में उमड़ा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कैट की युवा इकाई और रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन द्वारा शहर में सड़क सुरक्षा हेलमेट जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एसएसपी लाल उमेद सिंह, एएसपी डॉ. प्रशांत शुक्ला, डीएसपी ट्रैफिक गुरजीत सिंग, सतीश ठाकुर, राडा अध्यक्ष रविन्द्र भसीन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली शंकर नगर, पंडरी, फाफाडीह, स्टेशन रोड, एमजी रोड, शारदा चौक से जयस्तंभ चौक होते हुए कैट प्रदेश कार्यालय में संपन्न हुई।

इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. लाल उमेद सिंह ने कहा, हेलमेट सचमुच जीवनरक्षक है। सड़क दुर्घटनाओं में सिर की चोटें ही मौत का सबसे बड़ा कारण हैं। हर नागरिक हेलमेट पहनने का संकल्प ले, तो हजारों जिंदगियां बचाई जा सकती हैं।"

प्रशांत शुक्ला, एएसपी यातायात ने कहा, हेलमेट पहनना केवल नियम पालन नहीं, बल्कि अपने परिवार और प्रियजनों के प्रति जिम्मेदारी भी है। युवा कैट प्रदेश अध्यक्ष कान्ति पटेल एवं महामंत्री रतनदीप सिंह ने कहा, इस रैली का उद्देश्य है कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी न रहकर समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बने। बाइक रैली में जीवत बजाज, राजेन्द्र जग्गी, राम मंधान, वासु माखीजा, राकेश ओछवानी, शंकर बजाज, कैलाश खेमानी, दीपक विधानी, मोहन वर्ल्यानी, सतीश श्रीवास्तव आदि शामिल रहे। निलेश सेठ, निलेश मूंधड़ा, प्रीतपाल सिंह बग्गा, गोविंद राम चिमनानी, गौरव मंधान, आनंद छत्री, अमित अग्रवाल एवं युवा कैट प्रदेश अध्यक्ष कांति पटेल, महामंत्री रतनदीप सिंह, कोषाध्यक्ष भरत भूषण गुप्ता सहित युवा कैट की टीम शामिल हुई।

## खबर संक्षेप



### शारदेय नवरात्रि पर्व की तैयारी जोरों पर

**राजिम।** नगर के प्राचीन मां महामाया मंदिर एवं शीतला माता मंदिर में मनोकामना ज्योति प्रज्वलित किया जाएगा इसके लिए रसीद काटने का कार्य प्रारंभ हो चुका है। विदित हो कि आगामी 22 सितंबर से शारदेय नवरात्रि प्रारंभ हो रहा है इसकी तैयारी में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी श्रद्धालुओं द्वारा ज्योति प्रज्वलित का कार्य किया जाना है। प्रतिवर्ष लगभग यहां 1200 से 1300 ज्योति प्रज्वलित होता है। मां महामाया शीतला प्रबंध समिति के सदस्यों में संरक्षक महेश यादव, अशोक श्रीवास्तव, रामकुमार साहू, मंदिर समिति के अध्यक्ष लिलेश्वर यदु, सचिव फागूराम निषाद, सहसचिव वाल्मीकि धीवर, कोषाध्यक्ष राजू साहू, संजय सोनी, भोलेराम साहू, भवानीशंकर साहू तैयारी में लगे हुए हैं। जानकारी देते हुए अध्यक्ष ने बताया कि यहां प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं द्वारा अपनी मनवांछित इच्छा से ज्योति प्रज्वलित किया जाता है और उनकी हर मनोकामना पूरी होती है। मां महामाया शीतला प्रबंध समिति के सदस्यों ने बताया कि 9 दिनों तक यहां जगराता कार्यक्रम होता है। जस सेवक भाइयों द्वारा प्रतिदिन जस गायन का कार्यक्रम मां महामाया, शीतला मंदिर में माता की भक्ति में होता है। अभी तक लगभग 100 से भी अधिक ज्योति प्रज्वालित करने का रसीद कट चुका है।

### मौली मंदिर में पंजीयन 15 से

**फिंगेश्वर।** नगर के प्रसिद्ध मौली माता मंदिर मे शारदीय नवरात्र को लेकर हर साल हजारों की संख्या मे भक्तों के द्वारा अपने आस्था को लेकर ज्योत जलाते हैं जिसको लेकर ज्योत जलाने के लिए पंजीयन का स्पेशल बुकिंग कार्य मंदिर ट्रस्ट कमेटी के द्वारा किया जाता है। इस बार ज्योत जलाने के लिए 15 सितंबर से 10.30 बजे से रसीद काटने का कार्य प्रारंभ किया जायेगा। रसीद कटने का समय 10.30 बजे से लेकर 1 बजे तक फिर 3 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक किया जायेगा। तेल ज्योत का रेट 851 रूपये रखा गया है। उक्त जानकारी मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारी संकादिक चौबे ने दी है।

पेज 11 का शेष...

### नवरात्रि 22 सितंबर...

और एक चैत माह के नवरात्रि जबकि दूसरा शारदीय नवरात्रि होती है। क्षेत्र के शीतला मंदिर रसेला, रानी मा केरापानी, अंजनी आश्रम कुडेरादादर, गरजाई मा धमना, जटआई जटियातोरा, टेगनाही समिति, सहित अंचल के समस्त देवी मंदिरों में नवरात्रि महोत्सव के लिए साफ सफाई, रंग रोगन के साथ आवश्यक तैयारियां शुरू हो गई है। निर्धारित तिथि एवं शुभ मुहूर्त में पर्व का आयोजन होगा। इस कड़ी में शीतला मंदिर रसेला में जो भी श्रद्धालुओं मनोकामना ज्योति जलाएंगे उसकी राशि 751 रुपए समिति द्वारा अधिकृत किया गया है। नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री माता की पूजा अर्चना की जाती है,जो भक्तों को सुख सौभाग्य और शौर्य प्रदान करती है। मूर्तिकार दिन रात मेहनत कर रहे हैं ताकि समय पर मा दुर्गा की मूर्तियां का निर्माण पूरा हो सके।

# विद्यार्थियों ने निभाई संसदीय जिम्मेदारियां, लोकतांत्रिक प्रक्रिया का किया अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ शिक्षा विभाग कार्यालय तथा जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर के दिशा-निर्देशन में आज दिनांक 11 सितम्बर 2025, गुरुवार को स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, गरियाबंद में युवा सांसद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय कार्यप्रणाली, नीति-निर्माण और नेतृत्व क्षमता का विकास करना रहा।विद्यालय के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने संसदीय प्रक्रिया का अनुकरण करते हुए विभिन्न पदों पर जिम्मेदारी निभाई और संवाद, बहस तथा निर्णय लेने का अभ्यास किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संसदीय भूमिकाएँ सौंपकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को जीवंत रूप दिया गया जिसमें स्पीकर भावेश साहू, सेक्रेटरी जनरल यशवित कृष्णु, शपथ ग्रहण करने वाले सदस्य, प्रविश त्रिवेदी एवं नोयल साहू, प्रधानमंत्री सत्तारूढ़ दल पारुल पांडे, विपक्षी नेता ईशान साहू, शिक्षा मंत्री सौरभ सोनी, महिला एवं बाल विकास मंत्री जागृति साहू, स्वास्थ्य मंत्री जीविका बंजारे एवं वैष्णवी सिन्हा कार्यक्रम की शुरुआत और बहस राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद स्पीकर भावेश साहू की अनुमति से सदन की कार्यवाही शुरू की गई। विपक्षी नेता ईशान साहू ने योजनाओं से जुड़े सवाल उठाए।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय में युवा सांसद कार्यक्रम आयोजित

### समाज और प्रशासन के बीच सकारात्मक संवाद

जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर ने कहा की ऐसे आयोजन युवाओं में आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। यह उन्हें भविष्य में सशक्त नागरिक और सक्षम नेतृत्वकर्ता बनने की दिशा में प्रेरित करता है। यह पहल न केवल छात्रों को नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर देती है, बल्कि समाज और प्रशासन के बीच सकारात्मक संवाद स्थापित करने का भी माध्यम बनती है।



### मार्गदर्शन और सहयोग

इस कार्यक्रम का आयोजन संस्था प्रमुख दीपक कुमार बौद्ध के मार्गदर्शन में हुआ, जबकि सामाजिक विज्ञान शिक्षिका सिम्मी विल्सन ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। साथ ही किशोर कुमार साहू, नरगिस कुरैशी (मिडिल हेडमास्टर), कल्पना पटेल, सदानंद सर्वांकर संकुल समन्वयक, गरियाबंद-2 सहित अन्य शिक्षकों ने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विशेष योगदान में बीएड प्रशिक्षु शिक्षकों कोमल शर्मा, कमलेश असरानी, किरण नंद, महिमा तिर्की, सुजाता राणा, देवमाया पाल, बागेश्वरी कुंजन, रागिनी नेताम, विभालक्ष्मी साहू तथा विद्यालय के अन्य शिक्षकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को प्रभावशाली बनाया।

## विडंबना : हीरा खदान पायलीखण्ड, बेहराडीह की सुरक्षा में एक चौकीदार नहीं है तैनात

# हीरा खदानों की सुरक्षा भगवान भरोसे, अवैध उत्खनन है जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले में स्थित पायलीखंड और बेहराडीह के प्रसिद्ध हीरा खदान, जिनकी खोज 36-37 साल पहले अविभाजित मध्य प्रदेश के समय हुई थी, आज सुरक्षा के अभाव में अवैध उत्खनन का शिकार हो रहे हैं। इन खदानों में हीरा तस्करी का व्यापार लंबे समय से चल रहा है। जब इन खदानों का पता चला, तब मध्य प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के निर्देश पर पायलीखंड और बेहराडीह के बड़े हिस्से को तार की बाड़ लगाकर सुरक्षित किया गया था। पायलीखंड की सुरक्षा के लिए *बीएसएफ की एक कंपनी तैनात की गई थी, और खनिज विभाग ने चौकीदार भी नियुक्त किए थे। हालांकि, 2006-07 में नक्सलियों का दबाव बढ़ने के बाद बीएसएफ को वापस बुला लिया गया और वन विभाग ने भी बेहराडीह खदान की सुरक्षा से हाथ खींच लिए। तब से, इन खदानों की सुरक्षा पूरी तरह से भगवान भरोसे है।

**अवैध उत्खनन और तस्करों का राज-** सुरक्षा हटने के बाद से इन खदानों में बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन हो रहा है, खासकर बारिश के दिनों में, जब नदियां और नाले उफान पर होते हैं। ओड़िशा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों से तस्कर यहां आकर हीरा निकालते हैं। इसके कारण, पूरे खदान क्षेत्र में 10 से 20 फीट गहरे गड्ढे हो गए हैं। यहां तक कि पुराने सुरक्षा चौकियों को भी खोद दिया गया है। पिछले 16-17 सालों में गरियाबंद पुलिस ने हीरा तस्करी के सैकड़ों मामले दर्ज किए हैं और करोड़ों के हीरे के साथ तस्करों को पकड़ा है।



### स्थानीय लोगों की मांग, सरकारी दोहन शुरू हो

मैनपुर क्षेत्र के लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं, जबकि उनकी धरती के नीचे अपार खनिज संपदा है। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि इन खदानों का सरकारी स्तर पर दोहन शुरू किया जाए। उनका मानना है कि इससे मिलने वाले राजस्व से न सिर्फ गरियाबंद जिले, बल्कि मैनपुर-देवभोग क्षेत्र का भी विकास होगा, हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा और प्रदेश की तकदीर बदलेगी।

### वैज्ञानिकों ने बहुमूल्य भंडार होने की पुष्टि की

लगभग ढाई दशक पहले, ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों ने यहां सर्वेक्षण किया था और एक दर्जन से अधिक किम्बरलाइट पाइप होने की पुष्टि की थी। वैज्ञानिकों के अनुसार, ये पाइप कई किलोमीटर लंबे होते हैं और इनमें बहुमूल्य हीरे मौजूद होते हैं। उन्होंने पायलीखंड और बेहराडीह के खदानों को ऑस्ट्रेलिया के बाद सबसे महत्वपूर्ण हीरे का भंडार बताया था। यहां तक कि सुरक्षा के लिए लगाए गए लोहे के बड़े एंगल और गेट भी उखाड़कर तस्कर ले गए हैं।

### समय-समय पर होती है गश्त

इस विषय पर, मैनपुर के एसडीओपी विकास पाटले ने बताया कि पुलिस प्रशासन समय-समय पर इन खदानों का गश्त करता है।

# जिले में गोधाम बनाने की प्रक्रिया हुई गतिशील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के पांच विकासखण्डों फिंगेश्वर, छुरा, गरियाबंद, मैनपुर एवं देवभोग में प्रथम चरण में गौधाम गठन हेतु 10-10 गौठानों का चयन कर वहां पर संसाधनों जैसे बाऊण्ड्रीवाल, फेंसिंग, जल एवं विद्युत आपूर्ति, बाड़ा एवं पशु शेड आदि के उपलब्धतानुक्रम में सूची राज्य गौसेवा आयोग को भेजा गया है। गौधामों के गठन की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए कलेक्टर भगवान सिंह उइके द्वारा पशुधन विकास विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की विशेष बैठक लेकर डॉ. ओपी तिवारी, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें गरियाबंद को इस काम में गति लाने के निर्देश दिए गये थे। जिसके परिपालन में उनके द्वारा चयनित गौठानों की सूची छ.ग. राज्य गौसेवा आयोग भेजने के उपरांत जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय समिति का गठन कर लिया गया है। गौधाम संचालन के लिए रूचि की अभिव्यक्ति के आधार पर गौशालाओं के संचालकों को प्राथमिकता के आधार पर गौधाम संचालन का दायित्व सौंपा जाना है, इसके अलावा नॉन गवर्नमेंट ऑर्गनाइजेशन, किसान उत्पादक संगठन एवं अन्य पंजीकृत संस्थाएं तथा स्वयं सेवा समूह आदि उनके सहमति के आधार पर पात्र होंगे। गौधाम संचालन हेतु इच्छुक संस्थाओं को सहमति के अनुरूप आवेदन करने के लिए विकासखण्ड के पशु चिकित्सालयों, कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र, मुख्य ग्राम खण्ड से निर्धारित प्रपत्र प्राप्त कर आवेदन किये जाने की प्रक्रिया जारी है। इच्छुक संस्थाए इन विभागीय संस्थानों से आवेदन के प्रारूप एवं जानकारी प्राप्त कर सकते है। गौधाम संचालन हेतु प्राप्त आवेदन कलेक्टर के माध्यम से छग राज्य गौसेवा आयोग को प्रेषित किये जाएंगे, जहां से गौधामों का अंतिम चयन की प्रक्रिया अपेक्षित मापदण्डों के अनुसार किया जावेगा। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें गरियाबंद द्वारा अवगत कराया गया है कि अभी तक गौधाम संचालन हेतु जिले में विकासखण्ड गरियाबंद से 02, विकासखण्ड देवभोग से 02 एवं विकासखण्ड मैनपुर से 03 कुल 07 आवेदन सहमति के आधार पर प्राप्त हुए है।

# विराट संस्कृत सम्मेलन में जिले के व्याख्याता शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

रायपुर के संजय नगर स्थित सरयूपारीण ब्राह्मण सभा भवन में छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्वानों का विराट सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में प्रदेश भर के संस्कृत विद्वानों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में संस्कृत विद्वानों ने प्रदेश में संस्कृत भाषा को अनिवार्य करने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। वक्ताओं ने बताया कि स्कूलों में संस्कृत के बजाय व्यावसायिक पाठ्यक्रम चुनने के लिए छात्रों पर मौखिक दबाव बनाया जा रहा है, जिससे संस्कृत शिक्षा खतरे में है। व्याख्याता डीएमसी शिवेश शुक्ला और पूरन लाल साहू ने सुझाव दिया कि हरियाणा राज्य की तर्ज पर व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को सातवें विषय के रूप में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि संस्कृत की पढ़ाई जारी रह सके और छात्रों को संस्कारपरक शिक्षा मिल सके। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि संस्कृत सिर्फ एक भाषा नहीं, बल्कि विचार, संस्कार और विश्व कल्याण की धारा है। उन्होंने संस्कृत को भारतीय संस्कृति की आत्मा बताया और कहा कि सरकार इसके संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संस्कृत को अति प्राचीन देववाणी बताते हुए कहा कि इसके बिना संस्कार की शिक्षा अधूरी है।



उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार संस्कृत भाषा से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान करने का पूरा प्रयास करेगी। उन्होंने दिए गए ज्ञापन पर जल्द विचार करने का भी वादा किया। सम्मेलन में गरियाबंद जिले से शिवेश शुक्ला, पूरन लाल साहू, संतोष शर्मा, चैतन्य यदु, रामानुज ढीढी, डीके साहू, योगेश साहू, शारदा साहू, ईश्वरी यादव, और सुरेखा सेन सहित कई अन्य संस्कृत व्याख्याता उपस्थित थे।

# साहेबिनकछार में वितरित किए सोलर लाइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखंड के सुदूर वनांचल में स्थित उदंती अभ्यारण्य के भीतर बसे गांव साहेबिनकछार में आज, गुरुवार को, उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने 60 परिवारों को सोलर लाइट वितरित किए। यह गांव घने जंगलों में होने के कारण, यहां हमेशा जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है, जिससे ग्रामीण भयभीत रहते हैं। ग्रामीणों की इस परेशानी को देखते हुए, डीएफओ वरुण जैन की विशेष पहल पर यह कदम उठाया गया। सोलर लाइट मिलने पर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान वन विभाग के स्थानीय अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद थे। पूर्व सरपंच रूपसिंह मरकाम, निलेन्द्र कुमार, गणेश राम, भूतेश्वर, घनश्याम, परमानंद, करुणा, संतोष कुमार, गजेंद्र, महेश कुमार और बड़ी संख्या में ग्रामीण इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

**क्रेडा विभाग की सौर प्लेटें 4 महीने से खराब-** साहेबिनकछार गाँव, जो ओडिशा की सीमा से लगा हुआ है, वहां के ग्रामीण आज भी लालटेन की रोशनी में जीवन बिताने को मजबूर हैं। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद भी इस गाँव में बिजली नहीं पहुंची है। इसके अलावा, क्रेडा विभाग द्वारा यहां लगाई गई सौर प्लेटों की बैटरी पिछले चार महीनों से खराब है, जिससे पूरा गाँव अंधेरे में डूबा हुआ है। ग्रामीणों ने इस समस्या के बारे में क्रेडा विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया था, लेकिन अभी तक इसका समाधान नहीं हो सका है। ग्राम के पूर्व सरपंच रूपसिंह मरकाम और अर्जुन सिंह ने बताया कि कई बार मांग करने के बाद भी क्रेडा विभाग इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।



### वन विभाग के प्रयास की सराहना

पूर्व सरपंच रूपसिंह मरकाम ने वन विभाग के इस कदम की सराहना की। उन्होंने कहा कि डीएफओ वरुण जैन द्वारा 60 परिवारों को सोलर लाइट उपलब्ध कराना एक बहुत ही सराहनीय कार्य है, जिसके लिए वे उन्हें धन्यवाद देते हैं।

# पूर्व सरपंच मनोज ने बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन

**छुईहा बेलर।** ग्राम पंचायत सरकड़ा और आश्रित गांव बिरोड़ा के पूर्व सरपंच मनोज यदू ने इस बार अपना जन्मदिन एक अनोखे अंदाज़ में मनाया। उन्होंने पारंपरिक आयोजनों से हटकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरित होकर, गांव के प्राथमिक विद्यालय में न्योता भोज का आयोजन किया। इस दौरान, उन्होंने स्कूल के सभी बच्चों के साथ मिलकर केक काटा और उन्हें स्वादिष्ट भोजन कराया। बच्चों



के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ झलक रहा था। मनोज यदू ने इस मौके पर स्कूल परिसर में वृक्षारोपण भी किया और बच्चों को मिठाई, पेन और किताबें भेंट कीं। उन्होंने कहा कि /"बच्चों के साथ जन्मदिन मनाना मेरे लिए सबसे बड़ा उपहार है, क्योंकि वही हमारा भविष्य हैं। इस नेक पहल की सराहना करते हुए, शिक्षकों और ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में अपनापन और उत्साह बढ़ता है। इस कार्यक्रम में शिक्षक संतोष कुमार, केशरी कुमारी, भुनेश्वरी निषाद, गिरजा मरकाम और स्कूल प्रबंध समिति के सदस्य भी शामिल हुए।

# फिंगेश्वर में किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फिंगेश्वर अंचल में इन दिनों धान की खेती जोर-शोर से चल रही है और फसल गभोट की अवस्था में है। इस दौरान, केंद्र और राज्य सरकार किसानों को धान के बाद धान की खेती के बजाय अन्य नकदी फसलों, जैसे चना, गेहूं, रागी और मूंगफली, को अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं। इसी उद्देश्य से 11 सितंबर, 2025 को जनपद पंचायत सभागार में एक किसान संगोष्ठी और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृषि वैज्ञानिक लेखराम वर्मा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि लगातार एक ही किस्म की धान की खेती करने से कीट और रोगों का प्रकोप बढ़ता है। उन्होंने किसानों को धान के बाद दलहन और तिलहन जैसी फसलें उगाने की सलाह दी। ऐसा करने से मिट्टी का स्वास्थ्य सुधरेगा और किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। वर्मा ने किसानों को बीज उत्पादन, बीज उपचार और जैविक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी, साथ ही वर्तमान में फसलों पर लग रहे कीटों और रोगों के लिए कीटनाशकों और फंगीसाइड के सही छिड़काव की मात्रा भी बताई। औषधीय फसलों के विशेषज्ञ रोशन साहू ने बताया कि किसान धान के बदले मेंथा, सिट्रोनेला, रोज ग्रास और लेमन ग्रास जैसी औषधीय फसलों की खेती कर सकते हैं, जिनकी बाजार में बहुत अधिक मांग है। उन्होंने कहा कि हम अभी बाजार की मांग का केवल एक प्रतिशत ही पूरा कर पा रहे हैं। इंडियन पोटाश लिमिटेड कंपनी के प्रतिनिधि मनीष नवरंग ने फसलों में पोटाश उर्वरक और नैनो फर्टिलाइजर के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी केआर वर्मा, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी हरीशंकर सुमेर और समस्त ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के साथ-साथ विकासखंड के विभिन्न गाँवों से आए किसान और किसान मित्र भी उपस्थित थे।



## स्कूली छात्राओं ने कलेक्टर से समाधान की मांग की

# कन्या और बालक स्कूलों को संयुक्त करने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फिंगेश्वर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने, गुरुवार को, अपने स्कूल को बालक विद्यालय में मिलाए जाने के फैसले के खिलाफ संयुक्त जिला कार्यालय पहुँचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। सैकड़ों छात्राओं ने इस निर्णय को अपनी शिक्षा, सुरक्षा और भविष्य के लिए एक गंभीर खतरा बताया।छात्राओं और अभिभावकों का आरोप है कि 425 छात्राओं वाले उनके विद्यालय को 225 छात्रों वाले शासकीय बालक विद्यालय में मिला दिया गया है। यह आदेश 27 मई, 2025 से लागू हुआ, जिसके कारण छात्राओं को बालक स्कूल में शिफ्ट किया गया, जिससे उनकी पढ़ाई का माहौल प्रभावित हो रहा है। पालक समिति ने कहा कि यह फैसला नारी शिक्षा को बढ़ावा देने के सरकारी नारों के खिलाफ है और बेटियों के भविष्य को अंधकार में धकेल रहा है। लगातार विरोध और आवेदन के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। उन्होंने नारी पढ़ेगी तो विकास बढ़ेगा/" का नारा देते हुए, इस मर्जर आदेश को तुरंत वापस लेने की मांग की।





**निर्णय की समीक्षा जरुरी-** इस मामले में, जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि यह मर्जर शासन की नीति के अनुसार किया गया है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि 250 छात्रों वाले स्कूल में 425 छात्राओं को मिलाना अनुचित है और इस निर्णय की समीक्षा आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में शासन से दिशानिर्देश लेने के लिए पत्राचार किया जाएगा। इस दौरान, शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष संतोषी श्रीवास्तव, सदस्य भुनेश्वरी साहू और गूंजा सोनी व रीना साहू ने भी छात्राओं और अभिभावकों के साथ मिलकर इस मुद्दे को हल करने की मांग की।

## खबर संक्षेप



### ग्राम मुढ़ीपानी में टिन शेड का निर्माण किया गया भूमिपूजन

**रसेला।** ग्राम पंचायत मुढ़ीपानी में जनपद सदस्य विकास निधि से विकास कार्यों की शुरुआत की गई। इसके तहत, महात्मा गांधी की मूर्ति पर 1 लाख की लागत से एक टीना शेड का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा, दो अन्य जगहों पर 50-50 हजार की लागत से चबूतरे भी बनाए जाएंगे। इस अवसर पर, जनपद सदस्य बिमला नागेश, सरपंच लता नागेश, उपसरपंच सीमा गुप्ता, पंचगण, और अन्य ग्राम प्रमुख उपस्थित थे। सरपंच लता नागेश ने बताया कि महात्मा गांधी की मूर्ति तेज धूप, बारिश और सर्दी के कारण खराब हो रही थी। उन्होंने इस समस्या के बारे में जनपद सदस्य बिमला नागेश को अवगत कराया, जिसके बाद उन्होंने अपनी निधि से इन कार्यों के लिए राशि स्वीकृत की। इस पहल से मूर्ति की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। इस भूमि पूजन कार्यक्रम में कई ग्रामीण भी उपस्थित थे, जिनमें मुन्शु ठाकुर, दिलीप नागेश, कुलेश्वर निषाद, शंकर निषाद, कन्हैया, दरोग़ा राम ठाकुर, बुधराम निषाद, सदासिह मांझी, रमाअधनी निषाद, लीला, सावेत्री दीवान, कुलेश्वरी दीवान, और दीपक ध्रुव शामिल थे।

### चिरको में कबड्डी प्रतियोगिता आज

**पटेवा।** समीपस्थ ग्राम चिरको में जय बैगा बूढ़ादेव समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से 12 सितंबर से कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता का समापन 13 सितंबर को होगा। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि महासमुंद के नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू, विशेष अतिथि गोविंद चंद्राकर, सौरभ लोधी, डॉक्टर मोचन पटेल, रोशन पटेल, लोकनाथ साहू सरपंच, खेमराज भट्ट उपसरपंच, अमर चंद्राकर, दुष्यंत ध्रुव होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सदस्य रोशन पटेल करेंगे। उक्त जानकारी मिलन सेन ने दी है।

### छिबर्रा में बेटा जौतिया महापर्व व चिल्हरीडार पूजा 15 को

**महासमुंद।** ग्राम छिबर्रा में 15 सितंबर को बेटा जौतिया महापर्व एवं चिल्हरीडार पूजा का आयोजन किया गया है। आदिवासी युवा प्रभाग महासमुंद द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू को इस महापर्व पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर अतिथि शिरकत करने के लिए आमंत्रित किया गया है। जिसमें आदिवासी युवा प्रभाग महासमुंद के जिलाध्यक्ष श्रद्धा ध्रुव, संरक्षक पंकज सोरी, उपाध्यक्ष सावित्री नेताम, मीडिया प्रभारी शशिकांत छैदेहा, वतन, दुर्गा, धारणी, अंजु, संदीप, निक्की, छोटू, आशीष समेत सभी पदाधिकारी एवं सदस्य कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हुए हैं। इस आयोजन का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर धर्म, संस्कृति, रीति और नीति को बढ़ावा देना और संरक्षित करना है। साथ ही आने वाली पीढ़ी में जागरूकता लाना भी है।

### 25 कर्मचारियों की बहाली की मांग

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने कहा कि एनएचएम के अधिकारी और कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। 25 कर्मचारियों को बर्खास्तगी के बाद 16000 एनएचएम कर्मचारियों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। जिससे प्रदेश के अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं बाधित हुई हैं और मरीजों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा अपने घोषणा पत्र में किए वादों से मुकर रही है। झाबक ने कहा है कि आम आदमी पार्टी एनएचएम कर्मचारियों के साथ है और सरकार से मांग करती है कि बर्खास्त 25 एनएचएम कर्मचारियों की बहाली की जाए और कार्य नहीं वेतन नहीं सिद्धांत की बजाय सभी हड़ताली कर्मचारियों को हड़ताल अवधि का भी पूरा वेतन दिया जाए। सरकार जल्द ही कर्मचारियों की मांग पूरी नहीं करती है तो आप पार्टी प्रदेशव्यापी आंदोलन करते हुए स्वास्थ्य मंत्री के बंगले का घेराव करेगी।

**समस्या : भूतबेड़ा में भवन के अभाव में जर्जर हो चुके दो छोटे कमरों पर संचालित हो रहा हाईस्कूल**

# भवन के अभाव में जर्जर कमरों में पढ़ाई करने को छात्र मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले में बदहाल शिक्षा व्यवस्था किसी से छिपा नहीं है। कही शिक्षक की कमी तो कही भवन की कमी के बीच बच्चे अपने सुनहरे भविष्य गढ़ रहे है जिम्मेदार अफसर सिर्फ व्यवस्था ठीक करने का आश्वासन देकर अपने कर्तव्यों की इतीश्री कर रहे है और क्षेत्र के आदिवासी बच्चे परेशान हो रहे है लेकिन इससे किसी को कोई लेना देना नहीं। तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 40 किमी दूर राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र के भुतबेड़ा में ग्रामीणों के लंबे संघर्ष और आंदोलन के बाद तीन वर्ष पहले 2023 में हाईस्कूल तो प्रारंभ कर दिया गया। यहां भवन के अभाव में बेहद जर्जर हो चले मीडिल स्कूल के दो छोटे-छोटे कमरो के भीतर हाईस्कूल का संचालन पिछले तीन वर्षो से किया जा रहा है। यहां कक्षा नवमीं और दसवीं में कुल 60 छात्र-छात्राएं अध्यनरत है और इन्हे पढ़ाने के लिए दो शिक्षक की व्यवस्था शासन के द्वारा किया गया है। मीडिल स्कूल भवन जहां हाईस्कूल संचालित हो रहा है इतना जर्जर हो गया है कि छत के ऊपर पॉलीथीन ढाका गया है और बारिश में झरने की तरह कमरे के भीतर पानी भर जाता है और तो और यहां शौचालय सहित मूलभूत व्यवस्था नहीं है।



### हाई स्कूल भवन के लिए 32 एकड़ जमीन रखा है ग्रामीणों ने सुरक्षित

ग्राम भुतबेड़ा में हाईस्कूल प्रारंभ करने के बाद भवन निर्माण और खेल मैदान के लिए यहां के ग्रामीणों द्वारा 32 एकड़ जमीन सुरक्षित किया गया है। भवन निर्माण के लिए कई बार सर्वे किया जा चुका है प्रस्ताव भेजा जा चुका है लेकिन अब तक भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत नहीं हुआ है। जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने बताया की ग्रामीणों के लंबे संघर्ष के बाद भूतबेड़ा में हाईस्कूल खोला गया है। यहां आदिवासी क्षेत्र के बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं लेकिन भवन के अभाव में जर्जर मीडिल स्कूल में कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। बच्चों की समस्याओं को देखते हुए शासन प्रशासन को चाहिए कि जल्द भवन निर्माण किया जाए।

### छात्र-छात्राएं 18 किमी साइकिल से शोभा आते थे पढ़ने

भुतबेड़ा गरीबा क्षेत्र में हाईस्कूल नहीं होने के कारण इस क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को पहले भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था 17-18 किमी साइकिल में प्रतिदिन शोभा तक पढ़ाई करने आना पड़ता था इस क्षेत्र की परेशानियों को देखते हुए आदिवासी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उग्र आंदोलन और मैनपुर से गरियाबंद तक पदयात्रा किया था तथा हाईस्कूल की मांग किया था इसके बाद यहां 2023 में हाईस्कूल प्रारंभ किया गया लेकिन आज तक भवन का निर्माण नहीं हुआ है।

## छुरा में बच्चों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार, राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छुरा में एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर के निर्देशन और जिला मिशन समन्वयक शिवेश कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में, यह प्रतियोगिता कई चरणों में आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए, समन्वयक शंकर लाल यदु ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप, गणित और विज्ञान में बच्चों की रुचि विकसित करने के लिए संकुल स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में, बच्चों ने अपनी समस्या-समाधान क्षमताओं और त्वरित प्रतिक्रिया का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य विनोद कुमार देवांगन ने कहा कि इस तरह के आयोजन बाल प्रतिभाओं को वैज्ञानिक सोच विकसित करने का उचित माध्यम प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों के मन में जानने, समझने और मूल बातों पर वैज्ञानिक रूप से विचार करने की क्षमता का विकास होता है। प्रधान पाठक मंगलमूर्ति सोनी निर्णायक रहे। तार्किक प्रश्नों के साथ कार्यक्रम का संचालन जिला नोडल अर्जुन धनंजय सिन्हा ने किया।

### ये रहे शामिल

कार्यक्रम में मुख्य रूप से होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. मिथलेश ठाकुर, प्रधानपाठक चेतन दास कोसले, शबीना नाज़, भुनेश्वरी दीवान, विकासखंड शिक्षा अधिकारी के.एल. मतावले, बीआरसी हरीश देवांगन, शिक्षाविद् केआर. सिन्हा, एसआर निषाद, बीएल तारक, उखराज ध्रुवा, प्राचार्य एन. सी. साहू, के.के. साहू, प्रधानपाठक निर्भय राम ठाकुर, मुरारी राम देवांगन, रोहित नेताम, उमेश कुमार ढीढी, चंद्रभूषण निषाद, सुशील कुमार पांडे, पूनम सोनी, शीतल चंद्राकर, विभा चंद्राकर और करुणा वर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। संकुल से चयनित प्रतिभागी अब जोन स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। सभी विजेताओं को शुभकामनाएं और बधाई दी गई।

## एबीवीपी ने देवभोग कॉलेज में छात्रों की समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



गरियाबंद जिले के देवभोग के शासकीय पंडित श्यामशंकर मिश्र विद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने छात्रों के विभिन्न समस्याओं को लेकर जमकर हंगामा मचाया। छात्र संगठन ने छात्रों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रिंसपल को ज्ञापन सौंप त्वरित निराकरण की मांग किया। इस दरम्यान एबीवीपी नेताओं की महाविद्यालय प्रबंधन के साथ कई बार बहस भी हुई। जिसके बाद प्रिंसिपल समस्याओं के त्वरित निराकरण करना भी शुरू कर दिया। अभाविप जिला संयोजक छात्रनेता क्षितिजनारायण तिवारी ने बताया कि देवभोग महाविद्यालय में बीएससी द्वितीय सेमेस्टर के 30 से ज्यादा छात्रें के मार्कशीट में प्रेक्टिकल परीक्षा में अनुपस्थित बता परिणाम को प्रभावित कर दिया गया जबकि सारे छात्र उपस्थित थे। लाइब्रेरी में मनमानी, टीसी के लिए चक्कर लगवाना, अधूरा सायकल स्टैंड जैसे कई ऐसे समस्या है जो प्रबंधन की अनदेखी के चलते छात्रों के लिए मुसीबत बन गया है। नवप्रवेशी छात्रों के साथ कर्मचारियों का दुर्व्यवहार महाविद्यालय के गेट पर प्रोफेसर के वाहन खड़े कर दिए जाते है इससे छात्रों को आवागमन में समस्या होती है। इस दौरान प्रमुख रूप से छात्रनेता अभाविप जिला संयोजक क्षितिजनारायण तिवारी, नगर मंत्री योगेश निधि, पूर्व नगर मंत्री यशवंत यादव, छात्रनेता विवेक यादव, आकाश सोनी, योगेश पात्र, तेजेश बीसी, खीरेंद्र सोरी, चन्दन शर्मा, विशेष शर्मा, राहुल प्रधान, सतीश साहू साथ ही अभाविप के अन्य कार्यकर्ता एवं छात्र मौजूद रहे।

## आईएसबीएम विश्वविद्यालय में निबंध, क्विज व वाद-विवाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा







छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आईएसबीएम विश्वविद्यालय, गरियाबंद में विविध शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय परिसर में निबंध प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ। इन प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निबंध प्रतियोगिता में छात्रों ने छत्तीसगढ़ की भाषा और इतिहास को केंद्र में रखकर निबन्ध में अपने विचार विचार व्यक्त किए। इस प्रतियोगिता में दुर्गा पटेल बीसीए की छात्रा को प्रथम, शुभजीत भौमिक बीसीए को द्वितीय तथा कला एवं मानविकी संकाय के डेविल मिर्धा को तृतीय पुरस्कार दिया गया। निर्णायक मंडल में हिन्दी विभाग के सहायक आचार्य एवं कला एवं मानविकी संकाय के अध्यक्ष डॉ. दिवाकर तिवारी तथा कॉमर्स एवं मैनेजमेंट विभाग के श्री रोहित सिन्हा शामिल थे। क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने छत्तीसगढ़ से जुड़े सामान्य ज्ञान, इतिहास, भूगोल एवं वर्तमान पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी ज्ञान-प्रतिभा का परिचय दिया। प्रश्नोत्तरी में प्रथम स्थान दिशांत साहू द्वितीय स्थान मो. रियान खान तथा तीसरा स्थान पुरषोत्तम को दिया गया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन विज्ञान संकाय की डॉ. पूनम वर्मा एवं इंजीनियरिंग विभाग के श्री टाकेश्वर कौशिक ने किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में छात्रों ने "सतत विकास और परंपरा : समृद्ध छत्तीसगढ़ की दिशा विषय पर अपने पक्ष और विपक्ष के तर्क प्रस्तुत किए। इसमें विषय के पक्ष में मिथलेश साहू एवं कामनी साहू को पुरस्कार के लिए चयन किया गया तथा विपक्ष से टिकेंद्र साहू एवं यशिका का चयन हुआ। निर्णायक मंडल में फार्मेश एवं एलाइड साइंस के श्री युगल किशोर राजपूत तथा विधि संकाय की रागिनी सोनी शामिल थीं। इस कार्यक्रम का संयोजन कला एवं मानविकी संकाय में सहायक आचार्य डॉ अश्विनी कुमार साहू ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ ओम प्रकाश साहू ने दिया। गौरतलब है कि रजत जयंती समारोह के अन्तर्गत बुधवार को विश्वविद्यालय में एलुमिनी मीट का भी आयोजन किया गया था जिसका संयोजन छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाशीष बिस्वास ने किया था। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की पूर्व छात्रा देवदामिनी ध्रुव ने बताया कि आईएसबीएम विश्वविद्यालय में शिक्षा के साथ हमें सामाजिक-राजनीतिक विषयों पर बात करने के लिए तैयार किया जाता है। छात्रों के लिए प्लेसमेंट एवं कैरियर गाइडेंस पर विशेष ध्यान दिया जाता है। बीए के पूर्व छात्र राहुल पाड़े ने कहा कि यहाँ आने के बाद जैसे स्मृतियाँ ताज़ी हो जाती हैं जब हम अपने कक्षाओं एवं उन शिक्षकों को देखते हैं। शिक्षकों एवं कर्मचारियों का विशेष सहयोग मिलता रहा है।

## एसडीएम ने आंगनबाड़ी केंद्रों और उप स्वास्थ्य केंद्र का औचक किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



मैनपुर के एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम ने आज मैनपुर क्षेत्र के जिड़ार पंचायत के तहत आने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों का अचानक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों की कम उपस्थिति पर चिंता व्यक्त की।एसडीएम ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे बच्चों को नियमित रूप से केंद्र तक लाएं और उन्हें मेनू के अनुसार पौष्टिक आहार उपलब्ध कराएं। उन्होंने समय-समय पर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने पर भी जोर दिया। इसके अलावा, उन्होंने चलकीपारा आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। वहां भी बच्चों की उपस्थिति कम पाए जाने पर, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए कहा। एसडीएम डॉ. मरकाम ने जिड़ार स्थित उपस्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया और शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के स्थानीय कर्मचारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि बारिश के मौसम में बढ़ रही मौसमी बीमारियों, जैसे सर्दी, खांसी और वायरल पर कड़ी नजर रखें।

### आम आदमी पार्टी की जोन स्तरीय बैठक कल

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी की जोन स्तरीय बैठक 13 सितंबर को सुबह 11 बजे राजधानी के शंकर नगर स्थित सिंधु पैलेस में किया गया है। जिसमें प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद संदीप पाठक एवं सह प्रभारी व विधायक मुकेश अहलावत, प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू सहित प्रदेश, लोकसभा, जिला एवं समस्त विंग के वरिष्ठ एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। उक्ताशय की जानकारी जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने दी।

## समर्थकों ने नपा अध्यक्ष यादव को जन्मदिन की दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष महेश यादव ने अपना 56वां जन्मदिन बड़े धूमधाम के साथ मनाया। सबसे पहले वे सुबह भगवान श्री राजीव लोचन, श्री कुलेश्वरनाथ महादेव, बाबा गरीबनाथ महादेव व बजरंग अखाड़ा में दर्शन और पूजा कर नगरवासियों के लिए मंगल कामना किया। श्री यादव के समर्थक एवं भाजपा कार्यकर्ता सोशल मीडिया फेसबुक, व्हाट्सएप, फोन पर उन्हें बधाई देते रहे। बधाई देने वालो में नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर विधायक रोहित साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे। राज्य गृह भंडार निगम आयोग के अध्यक्ष पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, विकास तिवारी, राजिम भक्तिन समिति के अध्यक्ष लाल साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, सीएमओ मनीष कुमार, इंजीनियर निलेश भवर, देव पटेल, दीपक वर्मा, वेदप्रकाश सहित पूरा स्टॉफ एवं बेरोजगार संघ, व्यापारी संघ तथा नगर के गणमान्य नागरिकों ने उन्हें बधाई दी। नगर पंचायत कार्यालय में उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, पार्षद भारत यादव, कुलेश्वर साहू, आकाश राजपूत, जानकी पटेल, सुरेश पटेल, अजय पटेल, तुषार कदम, सुमित्रा निराला, मंशा कुर्रे, टंकू सोनकर, नरोत्तम ठाकुर, अंजली-उत्तम निषाद, रेखा-कुलेश्वर साहू, सोमनाथ पटेल, बेरोजगार संघ अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, संजीव साहू, पूरन यादव, शरद पारकर, छाया राही, ऋषि दुबे, रामकुमार साहू, साधु निषाद, श्याम साहू, लीलेश्वर यदु, वाल्मीकि धीवर सहित सैकड़ों शुभ चिंतक ने बधाई दिए।

**आयोजन को लेकर भक्तों में है उत्साह**

# नवरात्रि में झरझरा माता प्रांगण पर होगी देवी कथा, तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा





क्षेत्र के डोंगरी पहाड़ी, मुरमुरा गाँव की प्राकृतिक वादियों के बीच स्थित प्रसिद्ध देवी स्थल मां झरझरा मंदिर में 22 सितंबर से नवरात्रि महोत्सव शुरू हो रहा है। इस पावन अवसर पर, 23 सितंबर से श्रीमद् देवी भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह कथा गरियाबंद के अमलीपदर निवासी पंडित युवराज पांडे के मुखारविंद से सुनाई जाएगी। इस बड़े आयोजन को लेकर भक्तों में काफी उत्साह है और मंदिर के पास एक विशाल पंडाल की तैयारी शुरू हो चुकी है। हर साल की तरह, इस वर्ष भी मनोकामना दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। पिछले वर्ष 600 से अधिक दीप प्रज्वलित किए गए थे, लेकिन इस बार यह संख्या 1500 से भी अधिक होने की संभावना है। इस आयोजन में केवल स्थानीय ही नहीं, बल्कि अन्य जिलों के लोग भी बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं। राजनेता से लेकर अधिकारी, और ग्रामीण से लेकर शहरी लोग तक, सभी इस धार्मिक कार्य में अपना योगदान दे रहे हैं।

**मां झरझरा का महत्व और मान्यताएं-** माना जाता है कि मां झरझरा यहां प्रत्यक्ष रूप से विराजमान हैं और सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना पूरी करती हैं। इसी वजह से बहुत कम समय में ही इस मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगी है। आयोजकों ने भक्तों के लिए उचित व्यवस्था की है। भोजन और पार्किंग से लेकर हर सुविधा का ख्याल रखा जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। व्यापारी भी अपने स्टॉल लगाने के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। यह पहला मौका है जब इस क्षेत्र में इतने बड़े स्तर पर कोई धार्मिक आयोजन हो रहा है। पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल है। आयोजक समिति ने सभी से अपील की है कि वे इस पावन अवसर पर कथा श्रवण करने और माता का आशीर्वाद लेने के लिए जरूर आएं। भक्त इस दौरान प्राकृतिक झरने का भी आनंद उठा सकते हैं, जो मंदिर के पास ही बहता है। यह भी कहा जाता है कि कभी इस पहाड़ी पर डोंगरी गांव बसा हुआ था, जो समय के साथ वीरान हो गया। अब इस गाँव की रक्षा माँ झरझरा स्वयं करती हैं। इस स्थान से जुड़ी और भी कई पौराणिक कथाएँ हैं, जिन्हें जल्द ही उजागर करने की बात कही गई है।

